# प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : श्वेता कोचर (आर0ए0एस0 )
वाद सं0 : 1250 सन 2021
अनवान :–

1. कैलाश पुत्र राजेराम जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. मोहनलाल पुत्र शेरसिह जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
3. संजीव पुत्र प्रताप जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
4. राहुल पुत्र ओमप्रकाश नाबालिग जरिये कुदरती बली संरक्षिका माता सन्तोष पत्नी ओमप्रकाश जाति जाट साकिन बडबिराना तहसील नोहर।
5. बलवानसिह पुत्र श्रीचन्द्र जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर

वादीगण

बनाम

1. भलीदेवी उर्फ भली पत्नी उर्जन जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर।
2. ओमप्रकाश पुत्र भलीदेवी जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
3. प्रताप पुत्र भलीदेवी जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
4. शेरसिह पुत्र भलीदेवी जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
5. श्रीचन्द्र पुत्र भलीदेवी जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
6. प्रमेश्वरी उर्फ मेशर पत्नी राजेराम जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
7. सन्तोष रानी पुत्री श्रीचन्द्र जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
8. मोनिका पुत्री प्रताप जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर।
9. मनीषा पुत्री प्रताप जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर।
10. सुनीता पुत्री शेरसिह जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर।
11. कवीता पुत्री ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
12. सुमन पुत्री ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
13. शिक्षा पुत्री ओमप्रकाश नाबालिग जरिये कुदरती बली माता सन्तोष पत्नी ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
14. आरजू पुत्री ओमप्रकाश नाबालिग जरिये कुदरती बली माता सन्तोष पत्नी ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
15. गुडडी पुत्री भली देवी जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर।
16. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

**राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88**
उपस्थित : श्री रविन्द्र कुमार गोदारा अधिवक्ता वादी
पेरोकार राज
**निर्णय दिनांक :– 17.12.2021**

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 के तहत इस आश्य का पेश किया गया की रोही मौजा बडबिराना के खाता संख्या 193/185 की कुल 4.8050हैक एव रोही मौजा बडबिराना के खाता संख्या 266/185 की कुल 10.1420है में से 1/6 हिस्सा भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के पूर्वज लाधुराम वल्द आदुराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा लाधुराम वल्द आदुराम के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के दादी है के नाम से दर्ज है वादी के लाधुराम वल्द आदुराम के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें सजरा खानदान अनुसार वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 15 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

प्रतिवादी संख्या 1 वादीगण की दादी है जो भूमि काश्त करने में असमर्थ है प्रतिवादी संख्या 7 ता 15 वादीगण की बहने है एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पौत्री है प्रतिवादी संख्या 7 ता 15 की शादी हो चुकी है एवं प्रतिवादी संख्या 1 ,7 ता 15 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 6 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

संख्या 2 ता 6 का बराबर का हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बटवारा के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 को कई मर्तबा कहा की वादी के हक हिस्सा की भूमि को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिनों तक तो आज कल आज कल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिये यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावे की प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी का पिता है के नाम से दर्ज भूमि को वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 6 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बटवारा के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

वादी का वाद प्रशासन गावं के संग अभियान में प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाने के उपरान्त प्रतिवादी संख्या 1 ता 15 जरिये अधिवक्ता उपस्थित आकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल दावा पेश किया जाकर प्रतिवादी संख्या 1 ने निवेदन किया की उसके नाम से दर्ज भूमि उसके लाधुराम वल्द आदुराम के देहान्त होने पर विरास्तन से प्राप्त हुई है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 15 का बराबर का हक हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या 1 ,7 ता 15 ने निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि को अपने भाई/पिता/माता वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 6 के पक्ष में त्याग किया हुआ है इसलिये वाद भूमि वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 6 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 6 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के समर्थन में ईकबाला दावा पेश किया गया। शामिल मिसल किया एवं पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों एवं मजमें आम की सहमति/जानकारी के आधार पर वाद का निस्तारण फरमावे।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का ईकबाल/आपसी सहमति मजमे आम में होने के कारण अन्य किसी कार्यवाही की आवश्यकता नही रही।

पत्रावली प्रशासन गावं के संग अभियान – वर्ष –2021 कैम्प कोर्ट में पेश हुई वादी के अधिवक्ता ने निवेदन किया की प्रकरण में उभयपक्षों की सहमति पेश हो चुकी है अर्थात वादी के वाद को प्रतिवादी संख्या 1 ता 15 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल/सहमति पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के सम्बध में कोई ऐतराज नही है तथा अपने कथनों के सम्बध में न्यायायिक दृष्टान्त आर.बी.जे. 1998 पेज 615 एवं आरआरडी वर्ष 1998 पेज 646 प्रस्तुत कर निवेदन किया की कोई भी खातेदार काश्तकार आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर अपने हकों को स्थानान्तरण कर सकता है अतः वादी का वाद न्यायायिक दृष्टान्तों एवं आपसी सहमति /मजमे आम की सहमति /जानकारी के आधार पर वाद वादी डिक्री फरमाया जावे।

हमने उभयपक्षो को सुना पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा बडबिराना के खाता संख्या 193/185 की कुल 4.8050हैक एव रोही मौजा बडबिराना के खाता संख्या 266/185 की कुल 10.1420है में से 1/6 हिस्सा भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें दर्ज है।

जमाबन्दी सम्वत 2029 से 2038 भु0प्रबन्ध विभाग के अनुसार वाद भूमि लाधुराम वल्द आदुराम के नाम से दर्ज थी अर्थात वाद भूमि पूर्व में वादी के लाधुराम वल्द आदुराम के नाम से दर्ज है वादी के दादा लाधुराम वल्द आदुराम के देहान्त होने के वाद विरास्तन से वाद भूमि वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है विरास्तन से भूमि वादी के पिता के नाम से दर्ज होने के कारण पैतृक सम्पति होना साबित है। हिन्दु उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 ,8 के अनुसार पैतृक सम्पति में वादी का हक हिस्सा है अर्थात दादा की सम्पति में पौते/पौतियों को बराबर का हक हिस्सा होगा। अर्थात वाद भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 15 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे प्रतिवादी संख्या 1 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है।

वादी का कथन है कि प्रतिवादी संख्या 1 7 ता 15 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग किया हुआ है वादी के कथनों को प्रतिवादी संख्या 1 ,7 ता 15 ने स्वीकार किया जाकर इकबाल पेश किया जाकर निवेदन किया जा चुका है कि वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 6 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है।

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

वादी के वाद को प्रतिवादीगण के द्वारा स्वीकार करने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं न्यायायिक दृष्टान्तों जो प्रकरण पर चस्पा होते है के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण

काबिल डिक्री है तथा प्रतिवादी संख्या 1, 7 ता 15 ने अपने हकों का त्याग किये जाने के कारण राज्यहकों की सुरक्षा के मध्यनजर स्टाम्प डयूटी कायम की जानी न्यायोचित है।

अतः वादी के वादी को प्रतिवादी संख्या 1 ता 15 के द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करने एवं पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐजराज नही होने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतो एवं न्यायायिक दृष्टान्तों के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा बडबिराना के खाता संख्या 193/185 की कुल 4.8050हैक भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाकर 4.012हैक भूमि के वादीगण 1 ता 4 बहिब के एव शेष भूमि का वादी संख्या 5 को खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता हे रोही मौजा बडबिराना के खाता संख्या 266/185 की कुल 10.1420है में से 1/6 हिस्सा भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें दर्ज है का नाम कलमजन किया जाकर वादीगण संख्या 1 ता 4 को बहिब का खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है शेष भूमि प्रतिवादी संख्या 2 ता 6 के नाम यथावत रहेगी इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/- रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 17.12.2021 को प्रशासन गावं कें संग अभियान वर्ष – 2021 मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )
प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष– 2021
कैम्प कोर्ट... खूईया.

## प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
## पर्चा डिक्री
( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )
### न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर

अनवान :–

1. कैलाश पुत्र राजेराम जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. मोहनलाल पुत्र शेरसिह जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
3. संजीव पुत्र प्रताप जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
4. राहुल पुत्र ओमप्रकाश नाबालिग जरिये कुदरती बली संरक्षिका माता सन्तोष पत्नी ओमप्रकाश जाति जाट साकिन बडबिराना तहसील नोहर।
5. बलवानसिह पुत्र श्रीचन्द्र जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर

वादीगण

बनाम

1. भलीदेवी उर्फ भली पत्नी उर्जन जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर।
2. ओमप्रकाश पुत्र भलीदेवी जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
3. प्रताप पुत्र भलीदेवी जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
4. शेरसिह पुत्र भलीदेवी जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
5. श्रीचन्द्र पुत्र भलीदेवी जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
6. प्रमेश्वरी उर्फ मेशर पत्नी राजेराम जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
7. सन्तोष रानी पुत्री श्रीचन्द्र जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
8. मोनिका पुत्री प्रताप जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर।
9. मनीषा पुत्री प्रताप जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर।
10. सुनीता पुत्री शेरसिह जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर।
11. कवीता पुत्री ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
12. सुमन पुत्री ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
13. शिक्षा पुत्री ओमप्रकाश नाबालिग जरिये कुदरती बली माता सन्तोष पत्नी ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
14. आरजू पुत्री ओमप्रकाश नाबालिग जरिये कुदरती बली माता सन्तोष पत्नी ओमप्रकाश जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर
15. गुडडी पुत्री भली देवी जाति जाट निवासी बडबिराना तहसील नोहर।
16. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

### वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955
### राजस्व वाद संख्या 1250 सन 2021 निर्णय दिनांक– 17.12.2021

आज यह वाद प्रशासन गाव क संग अभियान वर्ष – 2021 कैम्प कोर्ट में मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व ) नोहर के समक्ष उभयपक्षों की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबुतो एवं आपसी सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा बडबिराना के खाता संख्या 193/185 की कुल 4.8050हैक भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाकर 4.012हैक भूमि के वादीगण 1 ता 4 बहिब के एव शेष भूमि का वादी संख्या 5 को खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता हे रोही मौजा बडबिराना के खाता संख्या 266/185 की कुल 10.1420है में से 1/6 हिस्सा भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें दर्ज है का नाम कलमजन किया जाकर वादीगण संख्या 1 ता 4 को बहिब का खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है शेष भूमि प्रतिवादी संख्या 2 ता 6 के नाम यथावत रहेगी इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 17.12.2021 को प्रशासन गावं के संग अभियान वर्ष – 2021 में मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
उपखण्ड अधिकारी
नोहर ( हनुमानगढ )
नोहर
प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष– 2021
कैम्प कोर्ट....खूईया